# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

(A Central University Established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)

Phone : 07752-260209, 260283, 260353, 260413, 260435

E-Mail : centralggu@ggu.ac.in Fax : 07752-260148, 260154 Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 283 /परीक्षा/दीक्षांत/2012 बिलासपुर, दिनांक : 08.02.2012

प्रति,

**सर्व संबंधित छात्र/छात्रायें**
(पदक प्राप्तकर्ता/शोधार्थीगण)

**REVISED**

विषय :- केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह **शुक्रवार दिनांक 02.03.2012** के संबंध में पूर्वाभ्यास दिनांक 01.03.2012 एवं समारोह की पूर्व तैयारियों की जानकारी।

**महोदय/महोदया,**

विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 02.03.2012 दिन शुक्रवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विश्वविद्यालय परिसर के रजत जयंती सभागार में आयोजित है। इसी अनुक्रम में समस्त संबंधित उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता महानुभाव कृपया अवगत हों कि दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास दिनांक 01.03.2012 को अपरान्ह 01:00 बजे से रजत जयंती सभागार में किया जाना है। अतः उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर रजत जयंती सभागार में उपस्थित होने का कष्ट करें। संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

01. शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राएं दिनांक 02.03.2012 को प्रातः 10:00 बजे से विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में अपनी उपस्थिति देंगे तथा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि करेंगे।
02. दिनांक 01.03.2012 को पूर्वाभ्यास के पश्चात् अपरान्ह 04:00 बजे से शोधार्थी एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को प्रशासनिक भवन में स्थित परीक्षा विभाग की पंजी में दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पुष्टि एवं सामग्री सही स्थिती में प्राप्ति की पुष्टि करते हुए हस्ताक्षर करेंगे।
03. परीक्षा विभाग के संबंधित कर्मचारी समारोह में सम्मिलित होने वाले शोध उपाधि प्राप्तकर्ताओं एवं पदक प्राप्तकर्ताओं की पृथक-पृथक उपस्थिति पंजी तैयार कर रखेंगे। उपस्थिति पंजी में छात्र/छात्राओं के नाम संकायवार उसी तरह से तथा उसी क्रम से अंकित रहेंगे, जिस तरह से तथा जिस क्रम में उनका नाम दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित है। छात्र/छात्राओं की समारोह स्थल पर आसन व्यवस्था भी दीक्षांत समारोह की पुस्तिका में अंकित क्रमानुसार होगी। पदक एवं उपाधियाँ भी इसी क्रम से रखी जायेगी तथा समारोह में वितरण भी इसी क्रम में होगा।
04. शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं की आसन व्यवस्था संकायवार रखी जायेगी।
05. दीक्षांत वेशभूषा प्राप्त करने हेतु प्रत्येक शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को रूपये 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) बतौर अमानत राशि विश्वविद्यालय के वित्त विभाग में जमा करना होगा, जो समारोह के उपरान्त संबंधित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा दीक्षांत वेशभूषा वापस जमा करने पर लौटाई जायेगी। समारोह के समापन के उपरान्त दीक्षांत वेशभूषा उसी स्थान पर काऊन्टर पर जमा होंगी जिस स्थान पर काऊन्टर से उन्हें वितरित किया गया था।

दीक्षांत वेशभूषा का वितरण दिनांक 27.02.2012 एवं दिनांक 28.02.2012 को अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे के बीच परीक्षा विभाग के काऊंटर से किया जायेगा। सुरक्षा कारणों से इन्हीं तिथियों में शोध उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने स्वयं के तथा अपने अभिभावकों के पहचान पत्र परीक्षा विभाग से प्राप्त करेंगे। सुरक्षा कारणों से अभिभावको के पहचान पत्र हेतु संबंधित छात्र/छात्रायें परीक्षा विभाग में अपने अभिभावकों के 02-02 छायाचित्र जमा करेंगे।

06. समारोह दिवस दिनांक 02.03.2012 दिन शुक्रवार को पूर्वान्ह 09:00 बजे समस्त आमंत्रित शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें दीक्षांत वेशभूषा धारण कर अपनी उपस्थिति परीक्षा विभाग के काउन्टर पर देंगे तथा पूर्वान्ह 10:00 बजे तक रजत जयंती सभागार में अनिवार्यतः अपना स्थान ग्रहण करेंगे। कृपया समय का विशेष ध्यान रखा जाये, क्योंकि समारोह के प्रारंभ होने से 01 घंटे पूर्व समस्त आमंत्रित शोधार्थियों एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को उनकी आसन व्यवस्था एवं दीक्षांत समारोह के संबंध में पुनः विस्तार से निर्देशित किया जायेगा।

07. शोधार्थी एवं स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये पत्रों को अपनी पहचान की पुष्टि हेतु साथ में लाना अनिवार्य होगा। शोधार्थी/पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें अपने साथ अभिभावकों अथवा दो परिचित व्यक्तियों के साथ समारोह में उपस्थित हो सकते हैं, उनके छायाचित्र (Photograph) साथ में लाना अनिवार्य है। अभिभावकगण के लिए पृथक से दिनांक 27.02.2012 को पहचान पत्र प्रदान किये जावेंगे। समारोह स्थल में प्रवेश हेतु पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा। यदि किसी कारणवश अभिभावकगण को पहचान पत्र प्राप्त नहीं होता है तो वे समारोह के दिनांक को समारोह प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपस्थित होकर परीक्षा नियंत्रक/सहायक कुलसचिव, परीक्षा के हस्ताक्षरों से जारी पहचान पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

08. आमंत्रित छात्र/छात्रायें एवं उनके अभिभावकगण अपने साथ किसी प्रकार की सामग्री/ सूटकेस/बैग इत्यादि लेकर न आयें, अपवाद स्वरूप बाहर से आने वाले छात्र/छात्रा/अभिभवकगण यदि किसी प्रकार के सामग्री/बैक/सूटकेस इत्यादि लेकर आते हैं तो सामान को प्रशासनिक भवन के सेमीनार हाल में सुरक्षित रखने की व्यवस्था रखी गई है। **जिन शोध उपाधि/स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन जमा कर दिए हैं उन्हें पुनः आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही है।**

उपरोक्तानुसार पूर्वाभ्यास एवं दीक्षांत समारोह हेतु आप सभी सादर आमंत्रित है।

आदेशानुसार

(हस्ताक्षर)

परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक)

पृ0क्रमांक 284 /परीक्षा/पदक/2012 — बिलासपुर, दिनांक : 08.02.2012

**प्रतिलिपि** :-

01. विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष (प्रशासनिक एवंशैक्षणिक)/समस्त अधिकारीगण/दीक्षांत समारोह हेतु गठित समितियों के समन्वयक एवं सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. मीडिया प्रभारी, की ओर सूचनार्थ एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
03. विभागाध्यक्ष, संगणक विभाग को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित कि कृपया परिपत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में उपलब्ध कराने की व्यवस्था हेतु संबंधितों को निर्देशित करना चाहें।

(हस्ताक्षर)

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)